आकाशवाणी शिमला
11.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

## प्रधानमंत्री–कृषि क्षेत्र योजनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में एक विशेष कृषि कार्यक्रम में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं और योजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहलों, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे और किसानों के साथ बातचीत भी करेंगे। ये कार्यक्रम किसान कल्याण, कृषि आत्मनिर्भरता और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता दर्शाती है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री कृषि पशुपालन, मत्स्य और खाद्य प्रसंकरण क्षेत्रों में पांच हजार चार सौ 50 करोड़ रूपये की योजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। वे करीब आठ अरब 15 करोड रुपये की कई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।

## अनुराग ठाकुर

इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री व लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना के तहत बिलासपुर ज़िले के चयन को सुनहरा अवसर बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित होगी। इस योजना के तहत देश के एक सौ ज़िलों का चयन किया गया है।

## जीएसटी सुधार–हिमाचल प्रदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने की 22 तारीख को जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी। इसका समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश में उत्पादित होने वाले काला जीरा और चूली तेल पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत की गई है जिससे किसानों को लाभ होगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हर विभाग और हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में अब तक 7 हजार नियमित भर्तियां की जा चुकी हैं। इनमें जेबीटी से लेकर कॉलेज कैडर के प्रिंसिपल तक की नियुक्तियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार हुआ है और आज हिमाचल प्रदेश पूर्ण साक्षर राज्य बन गया है।

## छात्रवृति

शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन प्राप्त करने के लिए केंद्रीय क्षेत्र प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन पत्र जमा करने की तिथि बढ़ा दी है। आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 15 अक्तूबर, आइएनओ स्तर पर जांच, एल–1 की अन्तिम तिथि 31 अक्तूबर, तथा डीएनओ व एसएनओ स्तर पर जांच, एल–2 की अन्तिम तिथि 15 नवम्बर, निर्धारित की गई है।

क्रिकेट

भारत और वेस्टेइंडीज के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत ने ताजा समाचार मिलने तक 3 .विकेट पर 408 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 175 रन बनाए । भारत श्रृंखला में एक–शून्य से आगे है।